Sixteenth Loksabha

>

Title: The Speaker made references to the passing away of Smt. Shyama Singh, member of the 13th Lok Sabha; Shri Bhanu Kumar Shastri, member of the 6th Lok Sabha, and Sh. Prabodh Panda member of the 13th to 15th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को तीन पूर्व सदस्यों श्रीमती श्यामा सिंह, श्री भानु कुमार शास्त्री और श्री प्रबोध पांडा के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्रीमती श्यामा सिंह बिहार के औरंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं लोक सभा की सदस्य थीं। वह मानव संसाधन विकास संबंधी समिति और महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी समिति (Committee on Empowerment of Women) की सदस्य थीं।

श्रीमती सिंह एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता थीं और उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया।

श्रीमती श्यामा सिंह का निधन 11 सितम्बर, 2017 को 75 वर्ष की आयु में दिल्ली में हुआ।

श्री भानु कुमार शास्त्री राजस्थान के उदयपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य थे।

श्री शास्त्री सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति और सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य थे। श्री शास्त्री वर्ष 1972 से 1976 तक राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी थे।

श्री भानु कुमार शास्त्री का निधन 24 फरवरी, 2018 को 92 वर्ष की आयु में उदयपुर, राजस्थान में हुआ।

श्री प्रबोध पांडा पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं से पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पांडा प्राक्कलन समिति और गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य थे। श्री पांडा एक लेखक भी थे और उन्होंने बांग्ला में कई पुस्तकें लिखी थीं।

श्री प्रबोध पांडा का निधन 27 फरवरी, 2018 को 72 वर्ष की आयु में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। मुझे विश्वास है कि शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने में यह सभा मेरे साथ है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

-

11 03 hrs

(The Members then stood in silence for a short while.)

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब शांति के बाद हंगामा !

…(व्यवधान)

-

11 05 hrs

(*At this stage, Prof. A.S.R. Naik, Shrimati V. Sathyabama, Shri Jayadev Galla, Shri Y.S. Avinash Reddy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

… (*Interruptions*)

11 06 hrs

ORAL ANSWER TO QUESTION

(Q. 201)

माननीय अध्यक्ष : श्री जितेन्द्र चौधरी - उपस्थित नहीं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. अंशुल वर्मा - उपस्थित नहीं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री।

…(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार चौबे : माननीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की प्रजनन, मातृ नवजात, शिशु एवं किशोर (आरएमएनसीएच+ए) कार्यनीति के तहत बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व्यापक रूप से उन कार्यक्रमों को एकीकृत करता है जो बाल स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी स्थिति में सुधार लाते हैं तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु तथा कुपोषण संबंधी कारकों का निवारण करते हैं।

बाल स्वास्थ्य संकेतक के अनुसार 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर वर्तमान में 39 है। एनपीएच 2025 तक 23 है। नवजात मृत्यु दर (पहले चार सप्ताह के भीतर) 24 और 2025 तक 16 है। शिशु मृत्यु दर (1 वर्ष के भीतर) 34 और 2019 तक 28 है।

मौतों की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की वर्ष 2015 में हुई 10.8 लाख मौतों की तुलना में वर्ष 2016 में अनुमानत: 96 लाख मौतें हुईं। पांच वर्ष से कम आयु की हुई कुल मौतों में से 8.4 लाख मौतें, जन्म के पहले वर्ष के भीतर हुईं तथा 5.9 लाख मौतें जन्म के पहले महीने के भीतर हुईं। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 12. 00 o' Clock.

<u>11 08 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

<u>12 00 hrs</u>

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

(*At this stage, Shri Jayadev Galla, Shrimati K. Maragatham, Shri B. Vinod Kumar, Shri Adhir Ranjan Chowdhury and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)